कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
1/13/107, नैय्यर कालोनी, सिविल लाइन्स, अयोध्या–224001
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

पत्रांक 2508 / M-15 / 36 दिनांक 11/05/2026

सेवा में,

**जिलाधिकारी,**
अयोध्या।

विषय : **दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 10.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जलालुद्दीननगर पुरानी बाजार मार्ग जर्जर, आवाजाही बाधितः जल जीवन मिशन पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त सड़कें, मरम्मत का इंतजार" के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 10.05.2026 को प्रकाशित **शीर्षक "जलालुद्दीननगर पुरानी बाजार मार्ग जर्जर, आवाजाही बाधितः जल जीवन मिशन पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त सड़कें, मरम्मत का इंतजार"** के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखण्ड– पूरा बाजार में जलालुद्दीननगर पेयजल योजनाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्य | मात्रा | प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1. | ट्यूबवेल– | 2 नग | 2 नग पूर्ण। |
| 2. | सोलर प्लान्ट | 2 नग | 2 नग पूर्ण। |
| 3. | शिरोपरि जलाशय | 1 नग | कार्य पूर्ण। |
| 4. | वितरण प्रणाली | 35.917 किमी0 | 31.715 किमी0 पूर्ण, कार्य प्रगति पर। |
| 5. | पम्पहाउस | 2 नग | 2 नग पूर्ण। |
| 6. | बाउण्ड्रीवाल | 2 नग | 2 नग पूर्ण। |
| 7. | गृह जल संयोजन | 2305 नग | 825 नग पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर। |
| 8. | मार्ग पुनर्स्थापना | 14.00 किमी0 तोड़ी गई | 13.20 किमी0 पुनर्स्थापित, शेष कार्य प्रगति पर, जिसे दि0 31.05.2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। |

उपरोक्त विवरण के अनुसार योजना का कार्य कराया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है। पूर्व में वित्तीय/फण्ड उपलब्धता से सम्बन्धित समस्या के कारण कार्य की गति प्रभावित हुई थी, वर्तमान में वित्तीय/फण्ड की समस्या का समाधान हो चुका है तथा कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है। गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है जिसे दिनांक 30.06.2026 तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ किया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा शाखा), अयोध्या।
3. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।
4. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

4/26 doc.aky8-9